भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

अनुविनि

nsfdc

आज़ादी का अमृत महोत्सव

33वीं वार्षिक रिपोर्ट
33rd ANNUAL REPORT

2021-22

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन

(भारत सरकार का उपक्रम)

NATIONAL SCHEDULED CASTES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION

(A Government of India Undertaking)

(आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित कंपनी)

(An ISO 9001: 2015 Certified Company)

14वीं मंजिल, कोर 1 व 2, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर जिला केंद्र, दिल्ली-110092

14th Floor, Core 1 & 2, SCOPE Minar, Laxmi Nagar District Centre, Delhi-110092

फोन/Phone: 011- 22054392, 22054394, 22054396 फैक्स: 011-22054395

ई-मेल/E-mail : support-nsfdc@nic.in वेबसाइट/website: nsfdc.nic.in

33वीं वार्षिक रिपोर्ट
33rd ANNUAL REPORT
2021-2022

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(भारत सरकार का उपक्रम)

NATIONAL SCHEDULED CASTES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION
(A Government of India Undertaking)

(आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित कंपनी)
(An ISO 9001: 2015 Certified Company)

14वीं मंजिल, कोर 1 व 2, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर जिला केंद्र, दिल्ली–110092
14th Floor, Core 1 & 2, SCOPE Minar, Laxmi Nagar District Centre, Delhi-110092
फोन / Phone: 011- 22054392, 22054394, 22054396 फैक्स/Fax : 011-22054395
ई–मेल / E-mail : support-nsfdc@nic.in वेबसाइट/website: www.nsfdc.nic.in

विषय–सूची

क्र. सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1	कंपनी–सूचना	1
2.	नोटिस	2
3.	अध्यक्षीय संदेश	3
4.	निदेशक मंडल की रिपोर्ट	10
5.	तुलन–पत्र	91
6.	आय और व्यय लेखा	92
7.	नकद प्रवाह विवरण	96
8.	स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	161
9.	स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर प्रबंध समिति का उत्तर	172
10.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	174
11.	पंजीकृत कार्यालय और संपर्क केन्द्र	175

कंपनी सूचना

निदेशक मंडल (21–22)

श्री रजनीश कुमार जैनव
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
(01.01.2021 से प्रभावी)

श्री एस.एम. आवले
(04.06.2015 से प्रभावी)

श्री संजय पाण्डेय
(18.07.2019 से प्रभावी)

श्रीमती अंजुला सिंह माहुर
(स्वतंत्र निदेशक)
(06.12.2021 से प्रभावी)

श्री दुर्गा प्रसाद राय,
स्वतंत्र निदेशक
(29.12.2021 से प्रभावी)

श्रीमती कल्याणी चड्ढा
(27.04.2022 से प्रभावी)

श्री पीयूष श्रीवास्तव
(23.03.2018 से 29.07.2021 तक)

श्री बी. गणेशन
(25.03.2021 से 06.12.2021 तक)

श्रीमती उपमा श्रीवास्तव
(21.09.2020 से 29.12.2021 तक)

डॉ. के. रामलिंगम (स्वतंत्र निदेशक)
(20.03.2019 से 20.03.2022 तक)

सांविधिक लेखापरीक्षक

पी. के. चोपड़ा एंड कं., चार्टड अकाउंटटेंस
फ्लैट नं. 801, 8वीं मंजिल, रोहित हाऊस,
3 टॉल्सटॉय मार्ग, नई दिल्ली–110 001

बैंकर्स

केनरा बैंक, दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु
एसबीआई, नई दिल्ली/कोलकाता
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
पंजाब नेशनल बैंक
इंडियन ओवरसीज बैंक
आईडीबीआई
बैंक ऑफ बड़ौदा
पंजाब एंड सिंध बैंक
कोटक महिंद्रा बैंक
इंडियन बैंक
एयू स्मॉल फिन. बैंक
बंधन बैंक
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
इंडसइंड बैंक
आईसीआईसीआई बैंक
इक्विटास लघु वित्तीय बैंक

पंजीकृत कार्यालय

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(भारत सरकार का उपक्रम)
14वीं मंजिल, स्कोप मीनार, कोर 1 व 2,
लक्ष्मी नगर जिला केंद्र,
लक्ष्मी नगर, दिल्ली – 110 092

कंपनी सचिव

सीए अन्नु भोगल
उप महाप्रबंधक

CIN : U93000DL1989NPL034967
नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(भारत सरकार का उपक्रम)
NATIONAL SCHEDULED CASTES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION
(A Government of India Undertaking)

एनएसएफडीसी/सचि/33वीं वाआबै/290/ 02 दिसम्बर, 2022

नोटिस

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की 33वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) दिनांक 06.12.2022 (मंगलवार) को अपराह्न 5:00 बजे** सम्मेलन कक्ष सं. 627, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, 6वीं मंजिल (ए विंग), शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110 001 में निम्नलिखित कार्यों को संपन्न करने के लिए होगी:

<u>सामान्य कार्य:</u>

31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निदेशकों की रिपोर्ट, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, प्रबंध समिति के उत्तर और उस पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणिका पर विचार करना, अपनाना और निम्नलिखित संकल्पों को संशोधन सहित अथवा बिना संशोधन (संशोधनों) के साधारण संकल्प के रूप में पारित करना:

"**संकल्प किया जाता है कि** 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बोर्ड रिपोर्ट, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, उस पर प्रबंध समिति के उत्तर और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणिका को प्राप्त किया, विचार किया और अपनाया।"

कृते निदेशक मंडल के आदेशानुसार

(अन्नु भोगल)
उप महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 02 दिसम्बर, 2022

<u>टिप्पणी:</u>

बैठक में भाग लेने एवं वोट देने के लिए अधिकृत सदस्य को अपने स्थान पर किसी प्रतिनिधि को बैठक में भाग लेने के लिए एवं अपने स्थान पर परोक्षी नियुक्त करने का अधिकार है। परोक्षी को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है (परोक्षी फार्म संलग्न है)।

पंजीकृत एवं प्र. का. : 14वीं मंजिल, कोर 1 व 2, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर जिला केंद्र, दिल्ली–110092
Regd. & H.O. : 14th Floor, Core 1 & 2, SCOPE Minar, Laxmi Nagar District Centre, Delhi-110092
फोन/Phone: 011- 22054391, 22054392, 22054394, 22054396 फैक्स/Fax : 22054395, 22054349
ई–मेल/E-mail : support-nsfdc@nic.in वेबसाइट/website: www.nsfdc.nic.in

दिनांक 06 दिसंबर, 2022 को एनएसएफडीसीकी 33वीं वार्षिक आम बैठक पर

अध्यक्षीय संदेश

प्रिय सदस्यगण,

निदेशक मंडल की ओर से, मैं निगम की 33वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। इस विशिष्ट अवसर पर अपना बहुमूल्य समय देने के लिए मैं आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

आप सभी सदस्यों को दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों के साथ निदेशकों की रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वार्षिक लेखें को पहले ही परिचालित कर दिया गया है और आपकी अनुमति से, मैं इसे पढ़ा समझूंगा।

दिनांक 31 मार्च, 2022 तक, आपके निगम की प्राधिकृत अंश पूंजी ₹1500.00 करोड़ और प्रदत्त अंश पूंजी ₹1500.00 करोड़ थी ।

- **प्रमुख उपलब्धियां**

  प्रस्तावों की स्वीकृति

  वर्ष के दौरान, आपके निगम ने योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों को ₹574.47 करोड़ के प्रस्ताव स्वीकृत किए।

  निधियों का संवितरण

  वर्ष के दौरान, आपके निगम ने 76,219 लाभार्थियों को लाभांवित करने हेतु योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों को 100% के लक्ष्य (समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य) की तुलना में ₹572.01 करोड़ अर्थात् वर्ष 2021–22 के दौरान उपलब्ध कुल निधियों का 86.62% संवितरित किया।

  कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

  वर्ष के दौरान, आपके निगम ने पीएम दक्ष योजना के अंतर्गत अनुसूचित जातियों के 16,395 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने

के लिए ₹32.88 करोड़ की अनुमानित लागत से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वीकृत और कार्यान्वित किए हैं और 48 (अड़तालिस) भागीदार कौशल प्रशिक्षण संस्थानों/क्षेत्रीय कौशल परिषदों को ₹30.34 करोड़ संवितरित किए हैं। इसके अलावा, वर्ष के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने वाले 9,390 प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार/वैतनिक रोजगार उपलब्ध कराया गया।

समझौता–ज्ञापन (एमओयू) (2021–22) लक्ष्यों की तुलना में उपलब्धियां

वर्ष के दौरान, एमओयू मापदंडों के तहत आपके निगम की उपलब्धियां, COVID 19 महामारी के के कारण देश भर में लॉकडाउन के मद्देनजर ऋण परिदृश्य से प्रभावित हुई थी। ऑडिटेड डेटा के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए कुल स्कोर 79.05 है जो 'बहुत अच्छी' रेटिंग के अनुरूप है।

- **विशेष पहल**

आपके निगम ने अपनी गतिविधियों को और व्यापक और मजबूत करने के लिए 2021–22 के दौरान विशेष पहल की है। उनमें से कुछ इस प्रकार हैंः–

(i) राज्यों में समग्र जागरूकता शिविर

वर्ष के दौरान, कोविड–19 महामारी के कारण पूरे देश में लॉकडाउन के कारण, प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं में भौतिक भागीदारी पर प्रतिबंध था। वर्ष के दौरान, आपके निगम ने IITF, प्रगति मैदान, नई दिल्ली, सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला , फरीदाबाद, हरियाणा में भाग लिया ।

एनएसएफडीसी ने अपने चैनल पार्टनर्स को अधिकतम ₹25,000/– प्रति जागरूकता शिविर तक का अनुदान प्रदान किया। आजादी के अमृत महोत्सव (AKAM) के तहत चंडीगढ़, झांसी, खुर्जा , बीकानेर, बाड़मेर , लखनऊ, फतेहगढ़ साहिब, धलाई आदि में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

(ii) राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर,

आनंद (गुजरात), जालंधर (पंजाब), इरोड (तमिलनाडु) और सिलगुरी (पश्चिम बंगाल) में स्थित 4 एनडीडीबी प्रशिक्षण केंद्रों में अनुसूचित जाति डेयरी किसानों के लिए डेयरी पशु उद्यमिता में 200 एससी सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), आनंद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। आणंद और जालंधर में दो सीबीपी आयोजित किए जा चुके हैं और इरोड में तीसरा सीबीपी शीघ्र ही लिया जा रहा है।

(iii) लाभार्थियों के लिए की गई पहल

एनएसएफडीसी ने ओडिशा, बिहार, झारखंड, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, मध्य प्रदेश आदि में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को उधार देने के लिए प्रूडेंशियल नॉर्म्स को संशोधित करने की पहल की है, ताकि इन राज्यों में निधि

के बहिर्वाह में सुधार हो सके जहां एनएसएफडीसी के पारंपरिक चैनलाइजिंग पार्टनर काम नहीं कर रहे हैं।

(iv) अनुसूचित जाति कारीगर समूहों का विकास

वस्त्र मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, एनएसएफडीसी ने चंदेरी साड़ी क्लस्टर, जिला अशोक नगर (एमपी) और बनारसी ब्लॉक काशी में साड़ी क्लस्टर विद्यापीठ, बनारस (यूपी) को लागू करने का प्रस्ताव दिया । एनएसएफडीसी ने अपनी क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से 150 बकरी उद्यमियों के लिए फतेहपुर, उत्तर प्रदेश में बकरी पालन हेतु एक पशुधन क्लस्टर को भी स्वीकृति दी है ।

(v) क्लस्टरों का प्रौद्योगिकी उन्नयन

एनएसएफडीसी ने वर्ष 2021–22 के दौरान क्लस्टरों के प्रौद्योगिकी उन्नयन की एक योजना शुरू की, जिसमें यह क्लस्टर मोड में प्रति स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ₹6.00 लाख या प्रति लाभार्थी ₹30,000/– तक की सहायता अनुदान प्रदान करेगा।

(vi) महिला लाभार्थियों का कवरेज

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत 52,393 महिला लाभार्थियों को 264.13 करोड़ रुपये की रियायती वित्तीय सहायता प्रदान की है। जो वर्ष के कुल संवितरण का 46.18% और कुल कवरेज का 68.74% था, जो क्रमशः वित्तीय और भौतिक दोनों शर्तों में 40% के मानदंड के एवज में था।

(vii) लाभार्थियों के लिए की गई पहल

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों (एससीए), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी)/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए ऋण नीति में संशोधन किया। संक्षेप में महत्वपूर्ण बिंदु इस प्रकार हैं:

(क) वार्षिक पारिवारिक आय प्रमाण पत्र को सरल बनाने के लिए, एनएसएफडीसी ने एसईसीसी–2011 रिपोर्ट के अनुसार तीन या अधिक वंचन बिंदुओं पर विचार करने का निर्णय लिया है।

(ख) मियादी ऋण योजना में एनएसएफडीसी की सहायता की प्रमात्रा को इकाई लागत के 90% से बढ़ाकर इकाई लागत के 95% तक करना।

(ग) एक नई योजना की शुरुआत – स्माइल योजना (आजीविका और उद्यम के लिए वंचित व्यक्तियों के लिए योजना)।

(viii) कोविड–19 महामारी के दौरान एनएसएफडीसी का हस्तक्षेप

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश संख्या 40–3/2020 दिनांक 24 मार्च, 2020 के द्वारा राष्ट्रीय लॉकडाउन

घोषित किया गया, जिसे समय–समय पर 17.05.2020 तक बढ़ाया गया। एनएसएफडीसी ने पैन इंडिया स्तर पर महामारी की पहली और दूसरी लहर के दौरान कोविड–19 सीएसआर पहल की है। वर्ष के दौरान, आपके निगम ने हर समय हाशिए पर रहने वालों की मदद करने के अपने लोकाचार के अनुरूप अपनी दिनचर्या और सीएसआर हस्तक्षेपों के स्तर को बढ़ाया है। जो कि निम्नानुसार हैः

(क) एनएसएफडीसी ने दिल्ली एनसीआर में कोविड महामारी की दूसरी लहर के दौरान एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल प्रतिक्रिया के लिए 3.43 लाख रुपये की राशि का योगदान दिया।

(ख) एनएसएफडीसी ने कोविड–19 रोगियों के इलाज के लिए दिल्ली के स्वामी दयानंद अस्पताल को 1.76 लाख रुपये की राशि के चिकित्सा उपकरण प्रदान किए ।

(ग) एनएसएफडीसी ने कोविड–19 मरीजों का इलाज करने हेतु सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, दिल्ली को 4.83 लाख रुपये की राशि से 100 बिस्तरों के विस्तार के लिए ऑक्सीजन नियंत्रण पैनल प्रदान किया।

(घ) एनएसएफडीसी ने कोविड–19 आइसोलेशन केंद्र, हैदराबाद, तेलंगाना के विकास के लिए 3.60 लाख रुपये की राशि का योगदान दिया ।

(ङ) दिल्ली में 6.00 लाख रुपये की 200 मेडिसिन किट का वितरण।

(च) दिल्ली में 4.87 लाख रुपये की लागत से 05 आक्सीजन सांद्रकों का वितरण।

(छ) दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोविड–19 रोगियों के लिए 2.94 लाख रुपये की राशि के ऑक्सीजन सिलेंडर का वितरण ।

(ज) दिहाड़ी मजदूरों और जरूरतमंद लोगों के लिए दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई में 5.91 लाख रुपये की राशि का भोजन वितरण।

(झ) सरकारी एससी छात्रावास, त्रिपुरा को 7.73 लाख रुपये की राशि का फर्नीचर दान किया ।

(ञ) दिल्ली में 2.25 लाख रुपये की प्लास्टिक बॉटल क्रशिंग मशीन की स्थापना।

(ट) बिहार में 3.34 लाख रुपये की लागत से आरओ प्लांट और कोविड 19 राहत किट का प्रावधान।

(ठ) राजस्थान में 4.55 लाख रुपये की लागत से 2 वर्षा जल संचयन संरचना का निर्माण।

(ड) "आजादी का अमृत महोत्सव 2021" और गांधी जयंती के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर 3.70 लाख रुपये खर्च किए गए ।

(ढ) धारावी , मुंबई के सार्वजनिक शौचालयों की कीटाणुशोधन और स्वच्छता, पीपीई किट का वितरण, आरओ

प्लांट पंजाब, प्रयोगशाला उपकरण, स्वास्थ्य सह कोविड 19 जागरूकता शिविरों का आयोजन, राशन किटों का वितरण, चिकित्सा उपकरणों का प्रावधान, बकरी आधारित आजीविका को मजबूत करना, कोविड 19 पर जागरूकता पर एनिमेटेड वीडियो तैयार करना, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री प्रदान करना, के लिए प्रावधान बेघरों के लिए आश्रय और स्वास्थ्य शिविर आदि का आयोजन की स्थापना जैसी विभिन्न गतिविधियों पर पिछले वित्तीय वर्ष की चल रही परियोजनाओं पर 49.20 लाख रुपये की राशि खर्च की गई ।

(ix) <u>आईटी–सिस्टम का सुदृढ़ीकरण</u>

- एनईजीडी द्वारा मोबाइल ऐप सहित सामाजिक लाभ प्रबंधन प्रणाली का अद्यतन संस्करण विकसित किया गया है और वर्तमान में कार्यान्वयन के अधीन है।
- मेलों/प्रदर्शनियों आदि में ऋण पूछताछ, कौशल पूछताछ और आगंतुकों की प्रतिक्रिया लेने के लिए लाभार्थी पूछताछ आवेदन प्रबंधन (बीईएम) मोबाइल ऐप विकसित किया गया है । ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।
- पीएम – दक्ष पोर्टल विकसित किया गया है।
- आपके निगम में 100% ई–ऑफिस कार्यान्वयन पूर्ण हो चुका है।
- आपके निगम ने फेसबुक और ट्विटर सहित सोशल मीडिया पर सभी गतिविधियों को सक्रिय रूप से अपडेट किया है।
- आपके निगम ने एक गतिशील, विकलांगों के अनुकूल, द्विभाषी वेबसाइट की मेजबानी और रखरखाव किया है जो भारत सरकार की वेबसाइट (GIGW) के दिशानिर्देशों के अनुपालन में है।
- विभिन्न रिपोर्ट तैयार करने के लिए आंतरिक रूप से तैयार किए गए मॉड्यूल में परियोजना से संबंधित डेटा के लिए डेटाबेस रखता है ।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की एक नई ब्याज सबवेंशन योजना अर्थात् वंचित इकाई समूह वर्गों की आर्थिक सहायता योजना (विश्वास) को लागू करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSBs), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) और इसी तरह के वित्तीय संस्थानों द्वारा पात्र स्वयं सहायता समूहों (SHGs) और व्यक्तिगत लाभार्थियों का डेटा निगम को प्रस्तुत किया जाता है। इसके बाद, पीएफएमएस के माध्यम से लाभार्थी के खाते में 5% की दर से ब्याज सबवेंशन स्थानांतरित किया जाता है।

- **प्रक्रियाधीन पहल**

(क) **चयनित एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से ऋण देने की पायलट परियोजना**

एनएसएफडीसी ने बिहार, ओडिशा और झारखंड में कार्यरत चयनित एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से ऋण देने की एक पायलट परियोजना को लागू करने के लिए एनबीएफसी–एमएफआई के लिए अपनी नीति को संशोधित करने की पहल की है। सा–धन (सामुदायिक विकास वित्त संस्थानों का संघ) – एक पेशेवर निकाय जिसमें एनबीएफसी–एमएफआई और एनएसएफडीसी सदस्य हैं, द्वारा पायलट प्रोजेक्ट को सुविधा और समर्थन दिया जाता है । सा–धन को आरबीआई द्वारा माइक्रोफाइनेंस सेक्टर के लिए स्व–नियामक संगठन (एसआरओ) के रूप में और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका संवर्धन (एनआरएलएम) द्वारा राष्ट्रीय सहायता संगठन (एनएसओ) के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह नीति बोर्ड स्तर पर विचाराधीन है और यदि इसे मंजूरी दे दी जाती है, तो इसके परिणामस्वरूप इन तीन राज्यों में वर्ष 2022–23 के दौरान निधि का पर्याप्त बहिर्प्रवाह होगा जहां एनएसएफडीसी के एससीए/सीए गैर–कार्यात्मक हैं।

(ख) **गोट क्लस्टर**

आपका निगम उत्तर प्रदेश में आकांक्षी जिला, फतेहपुर के लिए द गोट ट्रस्ट, लखनऊ के साथ एक गोट क्लस्टर विकसित करना चाहता है, जिसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एनएसएफडीसी को आवंटित किया गया है। क्लस्टर सदस्यों की पहचान एक सर्वेक्षण के माध्यम से की जाएगी और पशु–सखी प्रशिक्षण, पशु गर्भाधान केंद्र, चारा प्रबंधन और बाजार मूल्य श्रृंखला के विकास जैसी विभिन्न पहलों को गोट ट्रस्ट द्वारा लिया जाएगा, जो इस परियोजना के लिए जमीनी स्तर पर एनएसएफडीसी का तकनीकी आजीविका भागीदार होगा।

(ग) **ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म**

कोविड–19 महामारी के कारण लंबे समय तक लॉकडाउन के कारण लक्ष्य समूह के लिए विभिन्न प्रदर्शनियों/मेलों/हाटों का आयोजन नहीं किया जा सका। आपका निगम एनबीसीएफडीसी के साथ संयुक्त रूप से एक ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म, एक डिजिटल मार्केट प्लेस विकसित करने के लिए काम कर रहा है। इस तरह का मंच लाभार्थियों को अतिरिक्त आय, ज्ञान वृद्धि और उनके प्रयास में एक नया उद्यम प्रदान करेगा ।

(घ) **एसबीएमएस का अद्यतनीकरण**

लाभार्थियों को ऑनलाइन ऋण के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान करने के लिए, राज्य और शीर्ष निगमों को सक्षम करने के लिए सामाजिक लाभ प्रबंधन प्रणाली (एसबीएमएस) विकसित की गई थी। हालाँकि, आपका निगम कुछ अतिरिक्त प्रावधानों को बढ़ाने और जोड़ने के लिए काम कर रहा है जैसे कि शीर्ष निगम स्तर पर ऋण की आंतरिक प्रक्रिया, एससीए स्तर पर बल्क अपलोडिंग सुविधाएं आदि और इसे अधिक उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए भी।

(ड़) **एसबीएमएस के लिए मोबाइल ऐप**

एसबीएमएस की व्यापक उपलब्धता के लिए, आपके निगम ने एसबीएमएस के मोबाइल ऐप संस्करण के विकास के लिए पहल की है। ऐप के उपयोग से, लक्षित लाभार्थी कंप्यूटर की उपलब्धता के बिना भी बहुत आसानी से ऑनलाइन ऋण के लिए आवेदन कर सकेंगे। आय सृजन गतिविधियों और शैक्षिक ऋण आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता वाले लोगों के लिए ऐप एक वरदान होगा।

आगे की राह

आपका निगम आर्थिक विकास में तेजी लाने और आय बढ़ाने के लिए लक्ष्य समूह की सहायता करने के लिए ऋण प्रदान करने में चुनौतियों का सामना करने के लिए नवीन दृष्टिकोण का उपयोग करेगा। लक्ष्य समूह को सहायता के लिए आर्थिक गतिविधियों, पेशेवर/तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक ध्यान दिया जाएगा, जिससे रोजगारपरकता बढ़ेगी। भौगोलिक रूप से, मुख्य रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जहां लक्ष्य समूह की सघनता अधिक है, विशेष रूप से देश के आकांक्षी जिलों में। आपका निगम मौजूदा सहयोगी संबंधों का निर्माण करना जारी रखेगा और चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य विकास भागीदारों के साथ–साथ अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बहु–आयामी रणनीति का पालन करेगा।

आभारोक्ति

कंपनी के निदशेक मंडल की ओर से, मैं आपकी सतत् सहायता और बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूँ। मैं, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की पर्याप्त सहायता और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। मैं, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, लोक उद्यम विभाग, राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्र के प्रशासनों का भी आभार व्यक्त करता हूँ। मैं, विभिन्न राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों, चैनलाइजिंग एजेंसियों जिसमें विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी–माइक्रो फाइनेंस, कौशल प्रशिक्षण संस्थान आदि शामिल हैं, से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं, अपने निगम के सभी कर्मचारियों के निष्ठापूर्वक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करता हूँ जिसकी वजह से हम उच्च लक्ष्य प्राप्त कर सके। मैं इस यात्रा में सभी स्टेकहोल्डरों के सतत् सहयोग की आशा करता हूँ।

रजनीश

(रजनीश कुमार जैनव)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 06.12.2022

निदेशक मंडल की रिपोर्ट (2021–22)

आपके निगम की 33वीं वार्षिक आम बैठक में, मैं आपका स्वागत करता हूँ। वार्षिक आम बैठकें, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा लेखों पर नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षकों की अभियुक्तियों के साथ आपके निगम की प्रगति पर चर्चा करने का अवसर है।

1. निगम की रूपरेखा

आपका निगम, नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के रूप में भारत सरकार द्वारा दिनांक 08 फरवरी, 1989 को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा–25 (अब कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन धारा–8) के अंतर्गत 'लाभ–निरपेक्ष कंपनी' के रूप में स्थापित किया गया था। इसने दिनांक 09.04.2001 तक अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति दोनों लक्ष्य समूहों की आवश्यकताओं को पूरा किया है। निगम का, दिनांक 10.04.2001 को, जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति लक्ष्य समूह के लिए नेशनल शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सृजन के कारण द्विभाजन हुआ। इस द्विभाजन के परिणामस्वरूप, आपका निगम अब पूर्णतः अनुसूचित जाति के लक्ष्य समूह की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

1.1 दृष्टि

अनुसूचित जाति के पात्र व्यक्तियों के सामाजिक–आर्थिक विकास के माध्यम से व्यवस्थित प्रकार से गरीबी को कम करने के लिए, चैनलाइजिंग, एजेंसियों और अन्य विकास भागीदारों के साथ प्रभावी, उत्तरदायी और सहयोगात्मक तरीके से प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना।

1.2 लक्ष्य

वित्तीय सहायता के प्रवाह में सुधार और कौशल विकास एवं अन्य नवीन पहलों के माध्यम से अनुसूचित जातियों की समृद्धि को बढ़ावा देना।

1.3 उद्देश्य

आपके निगम के संस्था के ज्ञापन–पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन) में, प्राप्त किए जाने वाले निम्नलिखित मुख्य उद्देश्यों की सूची दी गई हैः

(i) अनुसूचित जाति की आबादी के लिए ट्रेडों और अन्य महत्वपूर्ण आर्थिक क्रियाकलापों की पहचान करना।

(ii) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के कौशल और उनके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रक्रियाओं को उन्नत बनाना।

(iii) छोटे, कुटीर और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देना।

(iv) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के उत्थान और आर्थिक कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रमों को वित्त पोषित करना।

(v) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के आर्थिक कल्याण के लिए उनके वित्तीय सहायता के प्रवाह में सुधार करना।

(vi) लक्ष्य समूह को अपनी परियोजना स्थापित करने के लिए परियोजना तैयार करने, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के लिए सहयोग प्रदान करना।

(vii) भारत और विदेश में पूर्णकालिक व्यावसायिक/तकनीकी पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति के पात्र छात्रों को ऋण प्रदान करना।

(viii) पात्र युवाओं को भारत में वोकेशनल (व्यावसायिक) शिक्षा और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में अध्ययन करने के बाद कौशल और नियोजनीयता में वृद्धि करने के लिए ऋण प्रदान करना।

उक्त उद्देश्य के अनुसरण में आपका निगम राज्य/संघ शासित क्षेत्रों की चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य चैनल भागीदारों के माध्यम से अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत रियायती ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता देने और विभिन्न ऋणेत्तर योजनाओं के अंतर्गत सहायता उपलब्ध करा रहा है।

1.4 प्राधिकृत और प्रदत्त अंश पूँजी

वर्ष के दौरान, आपके निगम की प्राधिकृत अंश पूंजी ₹1500.00 करोड़ है। वित्तीय वर्ष 2021–22 के आरंभ और अंत में प्रदत्त अंश पूंजी ₹1500.00 करोड़ ही थी।

1.5 संगठन की संरचना

आपके निगम के कार्यालयाध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक हैं, जिन्हें तीन मुख्य महाप्रबंधक तथा वरिष्ठ कार्यपालकों की टीम द्वारा सहायता मिलती है। आपके निगम में 77 कर्मचारी हैं। परियोजना, वित्त, मानव संसाधन, प्रशासन विभाग के अलावा निगमित सेवाएं, आंतरिक लेखापरीक्षा, समन्वय, सतर्कता, विधि, एमआईएस, कौशल प्रशिक्षण, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व, आरटीआई, आईएसओ, रिकार्ड प्रबंधन और राजभाषा कक्ष जैसे अन्य विभाग/कक्ष हैं। जहां तक आपके निगम के संचालन का संबंध है, परियोजना विभाग में तैनात डेस्क–प्रभारियों को विशिष्ट राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सौंपा गया है जहां वे राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), सहकारी बैंकों, सहकारी समितियां, अन्य संस्थान और लास्ट माइल फाइनेंसर यानी पिछड़े क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर काम कर रहे एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से एनएसएफडीसी योजनाओं का कुशल कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करते हैं। परियोजना विभाग के अलावा प्रशिक्षण विभाग को लक्ष्य समूह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित कार्यों को विशेष रूप से सौंपा गया है।

संगठन का चार्ट **अनुलग्नक–I** पर दर्शाया गया है।

1.6 संपर्क केंद्र

आपके निगम के तीन संपर्क केंद्र हैं, जो संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्रों की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य चैनल पार्टनरों से संपर्क रखते हैं और संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्रों में कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग करते हैं। संपर्क केंद्रों के स्थल और उनके क्षेत्राधिकार नीचे दिए जा रहे हैं:

क्रम सं.	संपर्क केंद्र	क्षेत्राधिकार
(i)	बैंगलूरू	तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और पुद्दुचेरी
(ii)	मुंबई	महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, गोवा, दमन और दीव, दादरा नगर हवेली
(iii)	कोलकाता	ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम

मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड जैसे उत्तरी राज्यों और दिल्ली व चंडीगढ़ संघ शासित प्रदेशों को सीधे प्रधान कार्यालय द्वारा देखा जा रहा है।

1.7 चैनल वित्त प्रणाली

(i) आपका निगम संबंधित राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा नामित पूरे देश के 37 राज्य/संघ शासित क्षेत्रों की चैनलाइजिंग एजेंसियों के नेटवर्क के माध्यम से लक्ष्य समूह को विभिन्न ऋण और ऋणेत्तर सुविधाएं देता है, जिन्हें संबंधित राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासन द्वारा नामित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, आपके निगम ने योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, गैर–बैंकिंग वित्त कंपनियों – सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एनबीएफसी–एमएफआई) और अन्य संस्थाओं को वैकल्पिक चैनल के रूप में स्थापित किया है। वर्तमान में दिनांक 31.03.2022 को आपके निगम के पास 53 ***(पीएसबी और आरआरबी के एकीकरण के बाद)*** वैकल्पिक चैनलाइजिंग एजेंसियां हैं।

(ii) राज्य/संघ शासित क्षेत्र–वार राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों की सूची **अनुलग्नक–II (क) और (ख)** पर दी गई है।

(iii) स्थानीय जरूरतों, पात्र आवेदकों की पहचान और लाभार्थियों के चयन, ऋणी के साथ प्रलेखन, योजनाओं का कार्यान्वयन तथा लाभार्थियों से ऋण की वसूली पर आधारित परियोजना प्रस्तावों की तैयारी एवं प्रायोजन, राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में है।

1.8 निधियों का नोशनल आबंटन

आपका निगम, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के आरंभ में, संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्र की अनुसूचित जाति की जनसंख्या के अनुपात में राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को निधियाँ नोशनल रूप से आबंटित करता है।

1.9 निधियों के संवितरण के लिए मानक (नॉर्म्स)

1.9.1 राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों के मानक

राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को निधियों की निर्मुक्ति करने से पहले, निम्नलिखित मानकों पर विचार किया जाता है:

❖ **<u>गारंटी:</u>**

राज्य सरकार की गारंटी/बैंक गारंटी/राज्य सरकार के आदेशों/राज्य सरकार के आश्वासनों की पर्याप्त उपलब्धता।

❖ **<u>उपयोगिता स्तर:</u>**

फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।

❖ **<u>देयों की चुकौती:</u>**

एक वर्ष से अधिक कोई अतिदेय राशि नहीं होनी चाहिए।

उक्त मानदंडों का ऋण योजनाओं में संवितरण के मामले में पालन किया जाता है। जहां तक दिनांक 01.12.2009 से आरंभ शिक्षा ऋण योजना का संबंध है, राज्य सरकार गारंटी की उपलब्धता और एक वर्ष से अधिक पुराना अतिदेय का न होना, शिक्षा ऋण की मंजूरी के समय सुनिश्चित किया जाता है।

1.9.2 <u>सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी)/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) के लिए मानक</u>

एनएसएफडीसी की ऋण नीति के अनुसार, पीएसबी और आरआरबी (चैनलाइजिंग एजेंसियों) को एनएसएफडीसी से निधियों के संवितरण हेतु पात्र बनने के लिए कुछ मानक पूरे करने होते हैं। ये मानक नीचे दिए गए हैं:

➢ मांग के भुगतान के समय पूर्व संवितरण की कोई अतिदेय राशियाँ नहीं होनी चाहिए।

➢ फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।

उपर्युक्त के अलावा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा अपने पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों के आधार पर निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा:

क. निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) संवितरण के वर्ष से पिछले 6 वर्षों में से कम–से–कम 3 वर्षों के दौरान 15% से कम होनी चाहिए।

ख. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) संवितरण के वर्ष से पिछले 6 वित्तीय वर्षों में से कम से कम 3 वर्षों के दौरान लाभ में होना चाहिए।

ग. किसी विनियामक निकाय का चूककर्ता नहीं होना चाहिए।

घ. समामेलित/विलय वाली संस्थाओं के मामले में, संबंधित प्रायोजक बैंक के पास आरआरबी के प्रमुख भागीदार के पिछले वर्षों के एनपीए मानदंडों पर विचार किया जाएगा।

1.9.3 अन्य संगठनों के लिए मानक

सार्वजनिक क्षेत्र बैंक (पीएसबी) द्वारा जारी एनएसएफडीसी के पक्ष में एनएसएफडीसी के लिए सावधि जमा/बैंक गारंटी/उत्तर दिनांकित बहु–शहरीय (मल्टीसिटी पोस्ट डेटेड) चेक।

1.9.4 एनबीएफसी–एमएफआई के लिए मानक

एनएसएफडीसी की ऋण नीति के अनुसार एनबीएफसी–एमएफआई (चैनलाइजिंग एजेंसियों) को एनएसएफडीसी से निधियों के संवितरण हेतु पात्र बनने के लिए कुछ मानक पूरे करने होते हैं। ये मानक नीचे दिए गए हैं:

- पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के अंत में एक वर्ष से अधिक के लिए एनएसएफडीसी निधियों का उपयोग लंबित नहीं होना चाहिए।

- फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।

- संवितरण के समय एनएसएफडीसी को अतिदेय राशि भुगतान योग्य नहीं होनी चाहिए।

- एनबीएफसी–एमएफआई को संवितरण प्रतिभूति की निम्नांकित शर्तों के अधीन होगाः–

    - क्लस्टर मोड के अंतर्गत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) से गारंटी संवितरित की जाने वाली धनराशि के समतुल्य या उत्तर दिनांकित चेकों (पीडीसी) के रूप में 50% और पीएसबी से 50% सावधि जमा के रूप में हो। संवितरित की जाने वाली धनराशि के 50% के समतुल्य एक अदिनांकित पीडीसी हो।

    - गैर–क्लस्टर मोड के अंतर्गत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक से संवितरित की जाने वाली धनराशि के समतुल्य गारंटी/सावधि जमा या 50% तक संबंधित संपत्ति मालिक (मालिकों) की व्यक्तिगत/कॉर्पोरेट गारंटी के साथ–साथ आवासीय/वाणिज्यिक संपत्ति के बंधक के रूप में और शेष पीएसबी से गारंटी/सावधि जमा के रूप में होनी चाहिए।

1.9.5 सहकारी बैंकों के लिए मानक

एनएसएफडीसी की ऋण नीति के अनुसार सहकारी बैंकों (चैनलाइजिंग एजेंसियों) को एनएसएफडीसी से निधियों के संवितरण हेतु पात्र बनने के लिए कुछ मानक पूरे करने होते हैं। ये मानक नीचे दिए गए हैं:

- संवितरण के समय एनएसएफडीसी को अदायगी योग्य कोई अतिदेय नहीं होना चाहिए।

- परियोजना आधारित योजनाओं के अंतर्गत फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।

उपर्युक्त के अलावा, सहकारी बैंकों द्वारा अपने पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों के आधार पर निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगाः

- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) की पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 5% से कम होनी चाहिए।

अथवा

- पिछले 05 वित्तीय वर्षों का औसत निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 5% से कम होनी चाहिए। इसके अलावा, चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) का निवल एनपीए इन 05 वर्षों में से, कम से कम 03 वर्षों के लिए प्रत्येक वर्ष 5% से कम होना चाहिए।

- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) का पिछले तीन वर्षों में लगातार लाभ होने का ट्रैक रिकार्ड होना चाहिए।

अथवा

- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को पिछले 05 वित्तीय वर्षों में से कम से कम किसी भी 03 वित्तीय वर्षों में लाभ में होना चाहिए।

- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को किसी भी विनियामक निकाय का चूककर्ता नहीं होना चाहिए।

- सहकारी बैंक के संबंध में वित्त पोषण संगठन की संतोषजनक साख राय (क्रेडिट ओपिनियन) रिपोर्ट।

1.9.6 सहकारी समितियों के लिए मानक

एनएसएफडीसी की ऋण नीति के अनुसार सहकारी समितियों (चैनलाइजिंग एजेंसियों) को एनएसएफडीसी से निधियों के संवितरण हेतु पात्र बनने के लिए कुछ मानक पूरे करने होते हैं। ये मानक नीचे दिए गए हैं:

- संवितरण के समय एनएसएफडीसी को अदायगी योग्य कोई अतिदेय नहीं होना चाहिए।

- परियोजना आधारित योजनाओं के अंतर्गत फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।

उपरोक्त के अलावा, सहकारी समितियों द्वारा अपने पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों के आधार पर निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगाः

- सहकारी समिति की शेयर पूंजी में केंद्र/राज्य सरकार को हित धारक होना चाहिए।
- केंद्र/राज्य सरकार को सहकारी समिति के निदेशक मंडल/शासकीय निकाय में सदस्यों का नामित करना चाहिए।

➢ चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) की पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 5% से कम होनी चाहिए।

अथवा

पिछले 05 वित्तीय वर्षों का औसत निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 5% से कम होनी चाहिए। इसके अलावा, चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) की निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) इन 05 वर्षों में से, कम से कम 03 वर्षों के लिए प्रत्येक वर्ष 5% से कम होनी चाहिए।

➢ चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) का पिछले तीन वर्षों में लगातार लाभ होने का ट्रैक रिकार्ड होना चाहिए।

अथवा

➢ चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को पिछले 05 वित्तीय वर्षों में से कम से कम किसी भी 03 वित्तीय वर्षों में लाभ में होना चाहिए।

➢ चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) की क्रिसिल के 'ए' के समकक्ष पर्याप्त सुरक्षा के साख की रेटिंग होनी चाहिए।

➢ चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को किसी भी विनियामक निकाय का चूककर्ता नहीं होना चाहिए।

➢ चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को पिछले तीन वर्षों में किसी बाह्य ऋण के पुनर्भुगतान का चूककर्ता या किसी कॉर्पोरेट ऋण को पुनर्गठन नहीं करना चाहिए।

➢ सहकारी समिति के संबंध में वित्त पोषण संगठन की संतोषजनक साख राय (क्रेडिट ओपिनियन) रिपोर्ट होनी चाहिए।

1.10 <u>आवेदकों का पात्रता मानदंड</u>

एनएसएफडीसी की योजनाओं के अंतर्गत शामिल होने के लिए आवेदकों के पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:

(i) आवेदक अनुसूचित जाति समुदाय का होना चाहिए।

(ii) ऋण आधारित योजनाओं के अंतर्गत आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय ₹3.00 लाख तक (दिनांक 08.03.2018 से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए) होनी चाहिए।

वार्षिक पारिवारिक आय मानदंड, कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए लागू नहीं होगा। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत राशि को भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के मानदंडों के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

1.11 महिला लाभार्थियों के समावेशन के लिए मानदंड

आपका निगम अपनी योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक महिला लाभार्थियों को शामिल करने पर बल देता है। अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए सरकारी कार्यक्रमों/योजनाओं के अभिमुखीकरण और समन्वय पर टास्क फोर्स की अनुशंसा के परिणामस्वरूप, आपके निगम में वित्तीय और प्रत्यक्ष दोनों रूप से 40% महिला लाभार्थियों को शामिल करने के लिए मानदंड हैं।

1.12 निगम की योजनाएं

आपके निगम की लाभार्थियों को वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न ऋण आधारित और गैर–ऋण आधारित योजनाएं हैं। लाभार्थियों को कृषि और समवर्गी, लघु उद्योगों और परिवहन सेक्टरों सहित सेवाओं के अंतर्गत विभिन्न आर्थिक क्रियाकलापों के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। आपका निगम उच्च शिक्षा लेने और व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण के लिए भी ऋण प्रदान करता है।

आपके निगम द्वारा राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों और चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से लक्ष्य समूह के लिए वित्तपोषित योजनाओं के विवरण निम्नलिखित हैं:

1.12.1 ऋण आधारित योजनाएं

बुटीक शॉप–एलवीवाई योजना के तहत रियासी, जम्मू व कश्मीर में एनएसएफडीसी लाभार्थी।

आपके निगम ने पिछले कुछ वर्षों में अपने लक्ष्य समूह के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए मियादी ऋण, लघु ऋण वित्त, महिला समृद्धि योजना, महिला किसान योजना, महिला अधिकारिता योजना, शिल्पी समृद्धि योजना, लघु व्यवसाय योजना, शिक्षा ऋण योजना, वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना, हरित व्यवसाय योजना, स्टैंड–अप इंडिया योजना, आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना, उद्यम निधि योजना और स्वच्छता उद्यमी योजना सहित विभिन्न योजनाएं बनाई हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत दी जा रही ऋण राशि विस्तारित ऋण की प्रमात्रा के आधार पर 1% से 7% तक वार्षिक की रेंज में रियायती ब्याज–दर पर ऋण दिया जाता है, सिवाय स्टैंड अप इंडिया योजना के मामले में जिसमें योजना/ऋण की प्रमात्रा के आधार पर ब्याज दर 7% है। इसके अलावा, राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उक्त ब्याज दरों में 2–3% (आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना और उद्यम निधि योजना के मामले में 8% को छोड़कर) जोड़ने की और लाभार्थियों से ब्याज प्रभारित करने की अनुमति दी जाती है।

1.12.1 (क) यूनिट लागत, एनएसएफडीसी का अंश और ब्याज दर

क्र. सं.	योजना	यूनिट लागत	निम्नलिखित पर प्रभारित वार्षिक ब्याज दर	
			चैनलाइजिंग एजेंसी	लाभार्थीगण
(i)	मियादी ऋण	₹50.00 लाख तक, तथापि एनएसएफडीसी अंश/इकाई के आधार पर निम्नानुसार ब्याज प्रभारित किया जाता है।		
(क)		₹5.00 लाख तक	3%	6%
(ख)		₹5.00 लाख से अधिक व ₹10.00 लाख तक	5%	8%
(ग)		₹10.00 लाख से अधिक और ₹50.00 लाख तक	6%	9%
(ii)	लघु ऋण वित्त	₹1.40 लाख तक	2%	5%
(iii)	महिला समृद्धि योजना	₹1.40 लाख तक	1%	4%
(iv)	महिला अधिकारिता योजना	₹5.00 लाख तक	2.5%	5.5%
(v)	लघु व्यवसाय योजना	₹5.00 लाख तक	3%	6%
(vi)	शिक्षा ऋण योजना	एनएसएफडीसी का अंश संपूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क का 90% तक अथवा ₹10.00 लाख तक (भारत में) और ₹20.00 लाख तक (विदेश में), जो भी कम हो।	1.5% (पुरूष) 1% (महिला)	4% (पुरूष) 3.5% (महिला)
(vii)	वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना	दो वर्ष की अवधि तक के पाठ्यक्रम के लिए ₹4.00 लाख तक	1.5% (पुरूष) 1% (महिला)	4% (पुरूष) 3.5% (महिला)
(viii)	हरित व्यवसाय योजना	₹7.50 लाख तक	2%	4%
		₹7.50 लाख से अधिक और ₹15.00 लाख तक	3%	6%
		₹15.00 लाख से अधिक और ₹30.00 लाख तक	4%	7%
(ix)	स्टैंड–अप इंडिया योजना	₹10.00 लाख से अधिक और ₹20.00 लाख तक	6%	9%
		₹20.00 लाख से अधिक और ₹30.00 लाख तक	7%	10%
(x)	स्वच्छता उद्यमी योजना	₹15.00 लाख तक	2% (पुरूष) 1% (महिला)	4% (पुरूष) 3% (महिला)
(xi)	आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना *	₹1.40 लाख तक	3% (पुरूष) 2% (महिला)	11% (पुरूष) 10% (महिला)
(xii)	उद्यम निधि योजना#	₹5.00 लाख तक	4%	12%
(xiii)	स्माइल योजना (आजीविका और उद्यम के लिए वंचित व्यक्तियों के लिए योजना)	₹5.00 लाख तक	₹4.85 लाख तक	2%

* आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना एनबीएफसी–एफएमआई के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है।

उद्यम निधि योजना सहकारी सोसायटियों/बैंकों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है।

1.12.1(ख) वित्त के साधन

आपके निगम की ऋण नीति के अनुसार, निगम (एनएसएफडीसी) इकाई लागत का 90% तक ऋण उपलब्ध कराता है मियादी ऋण, स्माइल और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना को छोड़कर, जहां यह क्रमशः 95%, 97% और 100% है । चैनलाइजिंग एजेंसियां प्रमोटर परियोजना की लागत की शेष राशि प्रदान करते हैं।

ऑप्टिकल शॉप– केरल के कोट्टायम में एलवीवाई योजना के तहत एनएसएफडीसी लाभार्थी।

1.12.1(ग) <u>प्रवर्तक का अंशदान</u>

परियोजना में प्रवर्तक की हिस्सेदारी और योगदान के लिए प्रति इकाई ₹1.00 लाख से अधिक लागत की मियादी ऋण परियोजनाओं के अंतर्गत प्रवर्तक (प्रमोटर) के अंशदान पर नीचे दिए विवरण के अनुसार बल दिया जाता हैः

क्रम सं.	परियोजना/प्रति इकाई लागत	परियोजना लागत के प्रतिशत के रूप में प्रवर्तक का कम से कम अंशदान
(i)	₹1.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	बल नहीं दिया जाता
(ii)	₹1.00 लाख से अधिक तथा ₹5.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	2%
(iii)	₹5.00 लाख से अधिक तथा ₹10.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	3%
(iv)	₹10.00 लाख से अधिक तथा ₹50.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	5%

1.12.1(घ) <u>लाभार्थियों को आर्थिक सहायता (सब्सिडी)</u>

शिक्षा ऋण योजना तथा वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना को छोड़कर, सभी योजनाओं में राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार को जारी की गई अनुसूचित जाति उप–योजना (एससीएसपी) के लिए विशेष केंद्रीय सहायता से ₹10,000/– की दर से अथवा इकाई लागत का 50%, जो भी कम हो, की आर्थिक सहायता (सब्सिडी) गरीबी रेखा से कम आय वाले लाभार्थियों

के लिए उपलब्ध कराई जाती है। शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकित लाभार्थी (12वीं कक्षा के बाद) मोरेटोरियम अवधि के दौरान ब्याज सब्सिडी के भी पात्र हैं, जोकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए केंद्रीय ब्याज सब्सिडी की योजना के अंतर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।

1.12.1(ङ) विलंबन काल (मोरेटोरियम)

लाभार्थियों को ऋण संवितरण के बाद मूलधन की अदायगी के लिए विलंबन काल (अदायगी अवधि छूट) दिया जाता है ताकि लाभार्थी अपने व्यवसाय क्रियाकलापों में मजबूती से खड़े हो सकें। तथापि, ब्याज राशि के भुगतान के लिए विलंबन काल नहीं दिया जाता है। योजना–वार विलंबन अवधि नीचे दी जा रही है:

योजना	विलंबन काल
➢ मियादी ऋण योजना	व्यापार कार्य की प्रकृति के आधार पर 6 माह से 12 माह
➢ लघु ऋण वित्त	3 माह
➢ महिला समृद्धि योजना	3 माह
➢ महिला अधिकारिता योजना	12 माह
➢ लघु व्यवसाय योजना	6 माह
➢ शिक्षा ऋण योजना	पाठ्यक्रम पूरा होने के छह माह बाद अथवा रोजगार पाने पर, जो भी पहले हो।
➢ वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना	पाठ्यक्रम पूरा होने के छह माह बाद अथवा रोजगार पाने पर, जो भी पहले हो।
➢ हरित व्यवसाय योजना	6 माह
➢ आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना	3 माह
➢ स्टैंड–अप इंडिया योजना	भारत सरकार की स्टैंड–अप इंडिया योजना के नॉर्म के अनुसार
➢ उद्यम निधि योजना	3 माह
➢ स्वच्छता उद्यमी योजना	3 माह
➢ स्माइल योजना	12 माह

1.12.1(च) ऋण अदायगी अवधि

ऋण अदायगी अवधि मोटे तौर पर नकदी प्रवाह अर्जन के मूल्यांकन, परियोजना परिसंपत्ति का जीवन—काल एवं परियोजना की गेस्टेशन (परिपक्वता) अवधि के आधार पर निश्चित की जाती है। विभिन्न योजनाओं और क्रियाकलापों के अंतर्गत ऋण अदायगी अवधियां नीचे दी जा रही हैं:

योजनाएं	अदायगी की अवधि
मियादी ऋण योजना	
भूमि आधारित कार्य (कृषि भूमि पर खेती, बागवानी व सिंचाई इत्यादि)	10 वर्ष तक
परिवहन कार्य (ऑटोरिक्शा, जीप, मालवाहक इत्यादि)	5 वर्ष तक
लघु उद्योग	5 वर्ष तक
सर्विस क्षेत्र गतिविधियां	5 वर्ष तक
महिला अधिकारिता योजना	10 वर्ष तक
लघु व्यवसाय योजना	6 वर्ष तक
वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना	दो वर्ष तक की अवधि वाले पाठ्यक्रमों के लिए 7 वर्ष तक
शिक्षा ऋण योजना	10 वर्ष तक (₹7.50 लाख तक के ऋण हेतु) और 15 वर्ष तक ₹7.50 लाख से अधिक ऋण हेतु)
लघु ऋण वित्त	3½ वर्ष तक
महिला समृद्धि योजना	3½ वर्ष तक
हरित व्यवसाय योजना	10 वर्ष तक
आजीविका माइक्रो फाइनेंस वित्त योजना	3½ वर्ष तक
स्टैंड—अप इंडिया योजना	भारत सरकार की स्टैंड—अप इंडिया योजना के नॉर्म के अनुसार
उद्यम निधि योजना	6 वर्ष तक
स्वच्छता उद्यमी योजना	10 वर्ष तक
स्माइल योजना	7 वर्ष तक

1.12.1(छ) <u>दूसरी बार ऋण सुविधा</u>

लाभार्थी, यदि उन्होंने एनएसएफडीसी की किसी भी योजना के अंतर्गत पहली बार ऋण लिया है, तो निर्धारित अवधि में पूरी ऋण राशि की अदायगी करने के पश्चात, आपके निगम की किसी भी योजना के अंतर्गत निम्नलिखित दो शर्तों के अधीन ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र हैः

(क) पहले लिए गए ऋण की समय पर पूरी अदायगी हो और

(ख) वास्तव में सृजित परिसंपत्ति तथा व्यापार के सफलतापूर्वक चलने की फील्ड रिपोर्ट प्रस्तुत की हो।

1.12.1(ज) <u>वित्तपोषित परियोजनाओं की क्षेत्र–वार निदर्शी सूची</u>

विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत वित्तपोषित परियोजनाओं को चार मुख्य क्षेत्रों नामतः कृषि और समवर्गी, उद्योग, सेवा एवं परिवहन तथा शिक्षा ऋण योजना में वर्गीकृत किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत परियोजनाओं की निदर्शी सूची नीचे दी जा रही हैः

कृषि एवं समवर्गी क्षेत्र	
➢ कृषि भूमि खरीद	➢ ट्रैक्टर ट्रॉली
➢ पॉली हाऊस	➢ ट्रॉली के साथ पॉवर टिल्लर
उद्योग क्षेत्र	
➢ आटा चक्की और मिर्च पिसाई चक्की	➢ फ्लाई ऐश ईंट निर्माण
सर्विस एवं परिवहन क्षेत्र	
➢ लघु उद्यम	➢ टेंट हाऊस
➢ किराना और शीतल पेय	➢ सेंटरिंग मैटीरियल
➢ मिनी होटल	➢ दवाई की दुकान
➢ मिनी सुपर बाजार	➢ चमड़े की चप्पल उत्पादन इकाई
➢ कंक्रीट मिश्रण	➢ लेजर और स्क्रीन के साथ डीटीपी
➢ इंटरनेट के साथ जीरॉक्स मशीन	➢ वकील कार्यालय
➢ मशरूम प्रसंस्करण	➢ फास्ट फूड
➢ हरित व्यवसाय (ई–रिक्शा)	➢ गेस्ट हाऊस सह–लॉज
➢ पिकअप वैन	➢ ऑटो टैक्सी
➢ सामान वाहक ऑटो ट्रॉली	➢ जीप टैक्सी
➢ टैक्सी कार	➢ लघु व्यवसाय
➢ लघु व्यवसाय (कृषि एवं समवर्गी)	➢ सामान वाहक ऑटो
	➢ सवारी ऑटो

शिक्षा ऋण योजना	
➢ इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल, मेकेनिकल इंजीनियरिंग, प्लास्टिक प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, बी.ई., बी.टेक, एम टेक इत्यादि)	➢ नर्सिंग (बी.एससी.)
➢ परिवहन डिजाइन में पी.जी. डिप्लोमा	➢ सूचना प्रौद्योगिकी (बीसीए/एमसीए)
➢ वास्तुकला (बी.आर्क)	➢ प्रबंधन (बीबीए/एमबीए)
➢ चिकित्सा (बीएएमएस/बीएचएमएस/एमबीबीएस/एमडी)	➢ विधि (एलएलबी/एलएलएम)
➢ फार्मेसी (बी.फार्मा/एम.फार्मा)	➢ डेंटल (बीडीएस)
➢ हॉस्पिटलिटी और होटल प्रबंधन (बी.एससी.)	➢ शिक्षा (पीटीसी/बी.एड.)

1.12.2 गैर–ऋण आधारित योजनाएं

1.12.2 (क) कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

आपका निगम अपैरल, इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर व फिटिंग्स, चर्मोद्योग, रबड़ और पेट्रो–रसायनों, वस्त्र, टेलीकॉम, पूंजीगत वस्तु, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और कारपेट, यंत्रीकरण तथा स्वचालन, घरेलू सहायक, ब्यूटी एवं वैलनेस, जीव विज्ञान, ऊर्जा, खेल–कूद और शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, निर्माण, पर्यटन और आतिथ्य सेवा, मीडिया और मनोरंजन, अवसंरचना इत्यादि नियोजन योग्य क्षेत्रों में लक्ष्य समूह के व्यक्तियों हेतु कौशल विकास कार्यक्रम प्रायोजित करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तकनीकी कौशल के अलावा सॉफ्ट कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

ये कार्यक्रम प्रतिष्ठित सरकारी/अर्ध–सरकारी/स्वायत्त संस्थानों, विश्वविद्यालयों/मानित विश्वविद्यालयों/क्षेत्रीय कौशल परिषद्/क्षेत्रीय कौशल परिषद् से संबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं तथा प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है और गैर–आवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रतिमाह ₹1,500/– की दर से वृत्तिका दी जाती है। एनएसएफडीसी द्वारा

एनएसएफडीसी द्वारा दिल्ली में अपोलो मेडस्किल्स लिमिटेड द्वारा संचालित 'जेरियाटिक चिकित्सा सहायता' प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रायोजित किया गया

एमएसएमई–इंदौर द्वारा संचालित एनएसएफडीसी प्रायोजित 'सीएनसी मिलिंग में सर्टिफिकेट कोर्स' प्रशिक्षण कार्यक्रम

अतिरिक्त रूप से आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई), भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी सामान्य लागत मानदंडों (सीसीएन) के अनुसार बोर्डिंग और लॉजिंग शुल्क प्रदान किया जाता है।

प्रशिक्षणार्थियों को, राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनल भागीदारों के जरिए आपके निगम से प्राप्त होने वाली वित्तीय सहायता के साथ नियोजन सहायता और/अथवा अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए उद्यमीय मार्गदर्शन भी दिए जाते हैं।

वर्ष 2020–21 के दौरान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने अपने शीर्ष निगमों (एनएसएफडीसी सहित) को उनके लक्षित समूहों के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु सहायता अनुदान प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री–दक्षता और कुशलता सम्पन्न हितग्राही (पीएम–दक्ष) नामक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना शुरू की है। इसके चार घटक हैं अर्थातय (i) 35–60 घंटे की अवधि के साथ अप–स्किलिंग / री–स्किलिंग, (ii) 90 घंटे/15 दिन की अवधि के साथ उद्यमिता विकास कार्यक्रम, (iii) 300 घंटे और तीन माह तक की अवधि के साथ अल्पावधि कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, और (iv) 650 घंटे और 7 माह तक की अवधि के साथ दीर्घावधि कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।

दिलशाद गार्डन, दिल्ली में एटीडीसी द्वारा आयोजित एनएसएफडीसी प्रायोजित 'प्रोडक्शन सुपरवाइजर–सिलाई' प्रशिक्षण कार्यक्रम

वित्तीय वर्ष 2021–22 से पीएम–दक्ष योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एक समर्पित पीएम–दक्ष पोर्टल (www.pmdaksh.dosje.gov.in) के माध्यम से कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

1.12.2(ख) लाभार्थियों को विपणन सहायता

आपका निगम लाभार्थियों को अपने उत्पादों को चुनिंदा प्रदर्शनियों एवं मेलों में बिक्री योग्य उत्पादों को बेचने के लिए अवसर प्रदान करता है।

1.12.2(ग) मेले और प्रदर्शनी में लाभार्थियों को निःशुल्क स्टाल

(i) आपका निगम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों एवं मेलों में भाग लेता है एवं लाभार्थियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री हेतु निःशुल्क स्टाल उपलब्ध कराता है।

(ii) इन प्रदर्शनियों में सहभागिता से लाभार्थियों को न केवल अपने उत्पाद को बेचने बल्कि ग्राहकों, डीलरों और निर्यातकों से बातचीत करने एवं नए उत्पादों के विकास के लिए जरूरतों/आवश्यकताओं को जानने का भी अवसर मिलता है।

1.12.2(घ) लाभार्थियों को विपणन प्रशिक्षण

ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार, कारीगरों के उत्पादों के विपणन और विकास/पुनः डिजाइनिंग संबंधित विभिन्न प्रकार के आदानों को लाभार्थियों को उपलब्ध कराने के लिए विपणन प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में काउंटर पर अच्छी विक्रय कला के कार्य–निवेश के साथ ग्राहकों की जरूरतों के अनुकूल उत्पादों में

रूपांतर कैसे किया जाए, इस पर जोर दिया जाता है।

1.12.2 (ङ) जागरूकता शिविर

एनएसएफडीसी की योजनाओं के बारे में लक्ष्य समूह के बीच जन–जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न राज्यों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में योजनाओं के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया जाता है और उपस्थितों को निगम की योजनाओं की जानकारी संबंधी ब्रोशर और पैम्फलेट बांटे जाते हैं। सफल लाभार्थियों को निगम की योजनाओं और व्यापार संबंधी अन्य क्रियाकलापों के अंतर्गत ऋण लेने के अपने अनुभवों के बारे में जनसमूह को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

2. प्रबंधन चर्चाएं और विश्लेषण रिपोर्ट

2.1 वर्ष के दौरान उपलब्धियां

2.1.1 प्रस्तावों की स्वीकृति

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों को ₹574.47 करोड़ के प्रस्ताव स्वीकृत किए।

2.1.2 निधियों का संवितरण

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने, 76,219 लाभार्थियों को लाभांवित करने हेतु योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों को 90% के लक्ष्य (समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य) की तुलना में ₹572.01 करोड़ अर्थात् उपलब्ध कुल निधियों का 86.62% संवितरित किया।

2.1.2(क) संवितरण और शामिल लाभार्थियों के योजना–वार ब्यौराः

वर्ष 2021–22 और उससे पूर्व वर्ष के लिए संवितरण और शामिल लाभार्थियों के ब्योरे नीचे दिए जा रहे हैं:

क्र. सं.	योजना	राशि (₹ करोड़ में)		लाभार्थी (संख्या)	
		2020-21	2021-22	2020-21	2021-22
क.	**मियादी ऋण योजनाएं**				
(i)	मियादी ऋण	49.47	70.00	1,450	1847
(ii)	हरित व्यवसाय योजना	5.44	8.78	533	500
(iii)	स्टैंड–अप इंडिया योजना		0.00		0
(iv)	उद्यम निधि योजना	0.00	0.00	0	0
(v)	महिला अधिकारिता योजना		0.00		0
(vi)	लघु व्यवसाय योजना	405.37	407.75	32,124	35414
(vii)	शिक्षा ऋण योजना	5.63	5.19	284	170
(viii)	वोकेशनल शिक्षा व प्रशिक्षण ऋण योजना	4.50	0.00	250	0
	उप–कुल (क)	**471.13**	**491.72**	**34,821**	**37931**

क्र. सं.	योजना	राशि (₹ करोड़ में)		लाभार्थी (संख्या)	
		2020-21	2021-22	2020-21	2021-22
ख.	**लघु ऋण योजना**				
(i)	लघु ऋण वित्त योजना	14.09	14.70	4,245	2634
(ii)	महिला समृद्धि योजना	62.26	62.15	54,785	34968
(iii)	आजीविका माइक्रोफाइनेंस योजना	0.75	3.43	151	686
	उप–कुल (ख)	**77.10***	**80.29**	**59,181**	**38288**
	सकल कुल [(क) + (ख)]	**548.23**	**572.01**	**94,002**	**76219**

*उपर्युक्त के अलावा, शिक्षा ऋण योजना (ईएलएस) और वोकेशनल शिक्षा व प्रशिक्षण ऋण योजना (वीईटीएलएस) को छोड़कर अन्य योजनाओं के तहत आपके निगम ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की दिनांक 8 नवंबर 2019 की अधिसूचना संख्या आरबीआई/2019–20/95 के अनुसार रु.1.25 लाख प्रति यूनिट तक के संवितरित धन को सूक्ष्म वित्त ऋण के रूप में माना है।

तद्नुसार, 61,075 लाभार्थियों के लिए ₹248.25 करोड़ की संवितरित निधियों को भी सूक्ष्म वित्त ऋण के रूप में माना गया है।

2.1.2(ख) संवितरण और शामिल लाभार्थियों के क्षेत्र–वार ब्योरे:

क्र. सं.	योजना	राशि (₹ करोड़ में)		लाभार्थी (संख्या)	
		2020-21	2021-22	2020-21	2021-22
(i)	मियादी ऋण				
(क)	प्राथमिक क्षेत्र (भूमि, खरीद, सिंचाई और अन्य संबद्ध क्रियाकलाप)	15.81	.90	332	10
(ख)	द्वितीय क्षेत्र (उद्योग)	0.19	0	2	0
(ग)	तृतीयक क्षेत्र (सर्विस व परिवहन)	33.47	69.09	1116	1,837
	जोड़ (क) + (ख) + (ग)	**49.47**	**69.99**	**1,450**	**1,847**
(ii)	हरित व्यवसाय योजना	5.44	8.78	533	500
(iii)	उद्यम निधि योजना	0.00	0.00	0	0
(vi)	लघु व्यवसाय योजना	405.37	407.75	32,124	35,414

क्र. सं.	योजना	राशि (₹ करोड़ में)		लाभार्थी (संख्या)	
		2020-21	2021-22	2020-21	2021-22
(vii)	लघु ऋण वित्त योजना	14.09	14.70	4,245	2,634
(viii)	महिला समृद्धि योजना	62.26	62.15	54,785	34,968
(ix)	आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना	0.75	3.43	151	686
(x)	शिक्षा ऋण योजना	5.63	5.20	284	170
((xi))	वोकेशनल शिक्षा व प्रशिक्षण ऋण योजना	4.50	0.00	250	0
